# Weekly Current Affairs

## साप्ताहिक करेंट अफेयर्स










(1 to 7 August 2022)

# Weekly Current Affairs

## Table of Contents

International Relations……………………………………………………………………

National………………………………………………………………………………………...

State…………………………………………………………………………………….

Economy………………………………………………………………………………......

Personality………………………………………………………………………………….

Science & Technology …………………………………………………….........

Defence ……………………………………………………………………………...........

Sports……………………………………………………………………………...............

Important Days………………………………………………………………….

Awards………………………………………………………………………………….

Health……………………………………………………………………………….

BYJU'S EXAM PREP

# International Relations

## संयुक्त राष्ट्र महासभा ने स्वस्थ पर्यावरण को मानव अधिकार के रूप में मान्यता दी

**चर्चा में क्यों:**



- संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) द्वारा स्वस्थ पर्यावरण के लिए सभी के अधिकार को मान्यता देने के उद्देश्य से एक प्रस्ताव को अपनाया गया है।

**प्रमुख बिंदु:**

- प्राकृतिक पर्यावरण की खतरनाक गिरावट को रोकने के लिए कार्रवाई यह महत्वपूर्ण प्रस्ताव है, जिसका भारत द्वारा समर्थन किया गया है।
- संकल्प के परिचालन पैराग्राफ 1 के अनुसार संयुक्त राष्ट्र महासभा एक स्वच्छ, स्वस्थ और टिकाऊ पर्यावरण के अधिकार को मानव अधिकार के रूप में मान्यता प्रदान करती है।
- वैज्ञानिकों के अनुसार पर्वत श्रृंखलाएं और हिमनद भी पहले से कहीं अधिक तेजी से पिघल रहे हैं ऐसे में पर्यावरण की रक्षा महत्वपूर्ण हैं।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा एक मौलिक मानवाधिकार के रूप में एक स्वच्छ, स्वस्थ और टिकाऊ पर्यावरण तक पहुंच को 161 मतों के पक्ष में और आठ के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया गया हैं।
- पारित प्रस्ताव सरकारों, गैर-सरकारी संगठनों और निजी कंपनियों से सभी लोगों के लिए एक स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के प्रयासों को आगे बढ़ाने का आग्रह करता है।

**स्रोत: न्यूज़ ऑन एयर**

## फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची

**चर्चा में क्यों:**




- फॉर्च्यून द्वारा कंपनियों की ग्लोबल 500 सूची जारी की गयी हैं।

**प्रमुख बिंदु:**

- देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) की शेयर मार्केट में लिस्टिंग के पश्चात फॉर्च्यून ग्लोबल 500 की लिस्ट में शामिल किया गया है।
- मार्केट कैप के दृष्टिकोण से भारत की सबसे मूल्यवान मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली प्राइवेट फर्म रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL) कंपनी है, इस वर्ष लिस्ट में रिलायंस द्वारा 51 स्थान की बढ़ोतरी की है।
- रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड को लगातार 19वें वर्ष फॉर्च्यून की ग्लोबल 500 सूची में शामिल किया गया है।
- भारत की कंपनियों में एलआईसी का स्थान सबसे ऊपर है, जिसके पश्चात
- आठ अन्य घरेलू कंपनियां को भी लिस्ट में शामिल  किया गया हैं।
- सूची में शामिल 9 भारतीय कंपनियों में से पांच राज्य के स्वामित्व वाली कंपनी हैं जबकि चार प्राइवेट सेक्टर की कंपनियां हैं।
- इस वर्ष भारत के एक मात्र बैंक एसबीआई बैंक को सूचि में शामिल किया गया है।
- फॉर्च्यून ग्लोबल 500 की लिस्ट में अमेरिक की रिटेल कंपनी वॉलमार्ट (Walmart) सूचि में प्रथम स्थान पर है।
- फॉर्च्यून 500 सूची में लिस्टेड कंपनियों की बिक्री के आधार पर उन्हें स्थान दिया जाता है।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

## सकुराजिमा ज्वालामुखी विस्फोट: ज्वालामुखी तीन दिनों तक फटा

**चर्चा में क्यों:**

- जापान के मुख्य दक्षिणी द्वीप क्यूशू में ज्वालामुखी विस्फोट की घटनाओ में वृद्धि दर्ज की गयी हैं।



**प्रमुख बिंदु:**

- जापान के मुख्य दक्षिणी द्वीप क्यूशू में हुए विस्फोट की तीव्रता आधार पर विस्फोट के लिए अलर्ट स्तर को बढ़ाकर पांच कर दिया गया है।
- विस्फोट के पश्चात जापान के कागोशिमा प्रान्त में सकुराजिमा ज्वालामुखी से लाल-गर्म चट्टानों और गहरे धुएं का निकलना प्रारम्भ हुआ।
- ज्वालामुखी विस्फोट की घटना के कारण शहर के दक्षिणी हिस्से में चट्टानें 2.5 किमी दूर तक विस्फोट के रूप में बहार आयी हैं।

- ज्वालामुखी पृथ्वी की सतह में एक उद्घाटन या टूटन को कहा जाता है जो मैग्मा के रूप में गर्म तरल और अर्द्ध-तरल चट्टानों, ज्वालामुखीय राख और गैसों के रूप में बहार निकलता है, तथा ज्वालामुखी विस्फोट की घटना तब होती है जब ज्वालामुखी से लावा और गैस कभी-कभी विस्फोटक रूप में बहार निकलती है।
- सकुराजिमा जापान में क्यूशू के मुख्य दक्षिणी द्वीप पर स्थित है, तथा सकुराजिमा एक ऐसा द्वीप हैं, जिसमें जापान में सक्रिय ज्वालामुखियों की संख्या सबसे अधिक है जो बार-बार फटते हैं।
- सकुराजिमा टोक्यो के दक्षिण पश्चिम से लगभग 1000 किमी दूर स्थित है वर्ष 1914 में, सकुराजिमा में एक अत्यंत विस्फोटक ज्वालामुखी विस्फोट हुआ जिसके पश्चात यह एक प्रायद्वीपीय बन गया।

**स्रोत: जापान टाइम्स**

# National

## केरल के मुख्यमंत्री ने आंगनवाड़ी बच्चों के लिए अंडे और दूध योजना शुरू की

**चर्चा में क्यों:**

- केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने महिला एवं बाल विकास विभाग की एक परियोजना का उद्घाटन किया है।



**प्रमुख बिंदु:**

- इस परियोजना के तहत राज्य की सभी आंगनबाड़ियों में बच्चों को उनके पोषण स्तर में सुधार के लिए दूध और अंडे उपलब्ध कराये जायेंगे।
- राज्य सरकार द्वारा चालू वित्त वर्ष में आंगनबाडी में दूध और अंडे को शामिल करने के लिए 61.5 करोड़ रुपये से अधिक की राशि निर्धारित की गयी है।
- देश में पहली मानी जाने वाली इस प्रकार की योजना के तहत प्रत्येक बच्चे को सप्ताह में दो बार 125 मिलीलीटर दूध और 44 सप्ताह (10 महीने) के लिए सप्ताह में दो बार एक अंडा उपलब्ध कराया जायेगा।
- इस परियोजना के तहत राज्य की 33,115 आंगनबाड़ियों के 3-6 वर्ष आयु वर्ग के चार लाख बच्चों को सप्ताह में दो बार अंडे और दूध प्रदान किया जायेगा।
- आंगनवाड़ी बच्चों के लिए दूध और अंडे की शुरूआत का उद्देश्य उनके पोषण मानकों में सुधार करना है।

- भूख को समाप्त करना संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में से एक है।

**स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया**

## सीवर, सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए नमस्ते योजना

**चर्चा में क्यों:**

- आवास और शहरी मामला मंत्रालय द्वारा सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए मशीनीकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र-नमस्ते योजना के लिए एक राष्ट्रीय कार्य योजना तैयार की गयी है।



**प्रमुख बिंदु:**

- नमस्ते योजना पेयजल और स्वच्छता विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय और आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय का एक संयुक्त उद्यम है।
- नमस्ते योजना का उद्देश्य भारत में स्वच्छता कार्यों में शून्य मृत्यु जैसे परिणाम प्राप्त करना है, इस योजना के तहत कोई भी सफाई कर्मचारी मानव मल के सीधे संपर्क में नहीं आयेगा तथा सभी सीवर और सेप्टिक टैंक स्वच्छता श्रमिकों के पास वैकल्पिक आजीविका तक पहुंच है।
- इस योजना के तहत सफाई मित्रों के लिए रखरखाव कार्यों, सुरक्षा गियर के लिए आवश्यक प्रकार की मशीनरी और मुख्य उपकरणों को शॉर्टलिस्ट किया गया है।
- इस योजना के तहत शॉर्टलिस्ट उपकरण राज्यों और शहरी स्थानीय निकायों द्वारा उनकी खरीद में आसानी के लिए सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल पर भी उपलब्ध कराये गए है।
- इस योजना के तहत राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त विकास निगम के माध्यम से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से सफाई मित्रों का कौशल विकास एवं प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**स्रोत: द हिंदू**

## भारत ने 75,000 मान्यता प्राप्त स्टार्टअप के मील के पत्थर को छुआ

**चर्चा में क्यों:**

- उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) द्वारा 75,000 से अधिक स्टार्ट-अप को मान्यता दी गयी है।



**प्रमुख बिंदु:**

- सरकार का उद्देश्य भारत में स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र नवाचार, उत्साह और उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देना है।
- 16 जनवरी 2016 को, भारत में एक मजबूत स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए एक कार्य योजना को आगे बढ़ाने के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया गया तथा 16 जनवरी को राष्ट्रीय स्टार्ट-अप दिवस के रूप में घोषित किया गया है।
- 6 साल बाद, उन कार्य योजनाओं ने सफलतापूर्वक भारत को तीसरा सबसे बड़ा पारिस्थितिकी तंत्र बना दिया है।
- कुल मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप में से, 12% आईटी सेवाओं से संबंधित है, 9% हेल्थकेयर और लाइफ साइंसेज के लिए, 5% पेशेवर और वाणिज्यिक सेवाओं के लिए, 7% शिक्षा के लिए और 5% कृषि से संबंधित है।
- स्टार्ट-अप इंडिया कार्यक्रम सरकार द्वारा स्टार्ट-अप के लिए एक सक्षम वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।
- स्टार्ट-अप इंडिया कार्यक्रम के तहत, सरकार कर प्रोत्साहन के लिए फंड प्रदान करती है, सार्वजनिक खरीद को आसान बनाने के लिए बौद्धिक संपदा अधिकारों का समर्थन करती है, और अंतर्राष्ट्रीय उत्सव और आयोजनों तक पहुंच प्राप्त करने के लिए नियामक सुधारों को सक्षम बनाती है।
- स्टार्ट-अप इंडिया कार्यक्रम वर्तमान में सतत आर्थिक विकास का पर्याय बन गया है।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

**शिल्प ग्राम पहल**

**चर्चा में क्यों:**

- सरकार द्वारा “टेक्सटाइल को पर्यटन से जोड़ना” पहल के एक भाग के रूप में प्रमुख पर्यटन स्थलों को हस्तशिल्प समूहों और बुनियादी ढांचे के समर्थन से जोड़ने का कार्य शुरू किया गया है।



**प्रमुख बिंदु:**

- सरकार द्वारा शुरू की गयी पहल का उद्देश्य  इन गांवों में शिल्प संवर्धन और पर्यटन को आगे बढ़ाना हैं।
- सरकार द्वारा रघुराजपुर (ओडिशा), तिरुपति (आंध्र प्रदेश), वदाज (गुजरात), नैनी (उत्तर प्रदेश), अनेगुंडी (कर्नाटक), महाबलीपुरम (तमिलनाडु), ताज गंज (उत्तर प्रदेश), और आमेर (राजस्थान) में शिल्प ग्राम पहल की शुरुआत की गयी हैं।

- ये क्राफ्ट विलेज हस्तशिल्प को समूहों में कारीगरों के लिए व्यावहारिक और पैसा क्राफ्ट विलेज पहल का उद्देश्य पूरे भारत में लगभग 1000 कारीगरों को लाभ प्रदान करना हैं।
- शिल्प के अधिकांश नमूने और शिल्पकारों को एक स्थान पर इकट्ठा करने के लिए एक शिल्प गांव की अवधारणा का मसौदा तैयार किया गया था।
- शिल्प गाँव में बुनियादी ढाँचे और वातावरण को गाँव की शैली में डिज़ाइन किया गया है जिससे भारत के ग्रामीण जीवन की भावना प्रदान की जा सके।
- शिल्प गांव एक बाजार के रूप में भी कार्य करते हैं, जहां कोई भी व्यक्ति सामान्य बाजार की तुलना में कम कीमत पर कलाकृतियां खरीद सकता है।
- शिल्प भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, तथा अधिकांश शिल्प परिवार और अतीत की विरासत के रूप में प्रचलित हैं।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

### 'उज्ज्वल भारत उज्जवल भविष्य - पावर @2047'

**चर्चा में क्यों:**

- आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर ऊर्जा महोत्सव के अंतर्गत विद्युत मंत्रालय एमएनआरई और केंद्र सरकार के सहयोग से "उज्जवल भारत, उज्जवल भविष्य 2047" के तहत देशभर में विद्युत क्षेत्र में हुई प्रमुख उपलब्धियों को उजागर करने के लिए अनेकों कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं।




**प्रमुख बिंदु:**

- सरकार द्वारा 'उज्ज्वल भारत उज्जवल भविष्य - पावर @2047' का आयोजन 25 जुलाई से 30 जुलाई तक स्थानीय टाउन हॉल में किया गया।
- 'उज्ज्वल भारत उज्जवल भविष्य - पावर @2047' कार्यक्रम के तहत चुने गए राज्यों में प्रधानमंत्री द्वारा संवाद को भी शामिल किया गया है।
- उज्ज्वल भारत उज्जवल भविष्य - पावर @2047 महोत्सव का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों के सहयोग और आपसी सामंजस्य से बिजली क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियों को उजागर करने के लिए एक मंच प्रदान करना है।
- सरकार द्वारा नवीकरण ऊर्जा के रूप में कृषि व घरेलू उपयोग के लिए कुसुम योजना, पंडित दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, सोलर पैनल, सोलर पम्प योजना से किसानों व ग्रामीणों को लाभान्वित किया जा रहा है।

- सरकार द्वारा संचालित सौर परियोजना उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ-साथ पर्यावरण के अनुकूल सुविधाओं से संपन्न है।
- कार्यक्रम के दौरान नरेंद्र मोदी द्वारा पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना का शुभारंभ किया गया जिसका उद्देश्य अंतिम उपभोक्ताओं को आपूर्ति की विश्वसनीयता और गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान केंद्रित करते हुए वितरण बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए DISCOMs को वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

**स्रोत: लाइवमिंट**

## इस्पात मंत्रालय ने द्वितीयक इस्पात क्षेत्र के लिए सलाहकार समिति गठित की

**चर्चा में क्यों:**



- इस्पात मंत्रालय द्वारा नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में माध्यमिक इस्पात के लिए एक सलाहकार समिति का गठन किया गया है।

**प्रमुख बिंदु:**

- नवीन गठित सलाहकार समिति इस्पात क्षेत्र से संबंधित मुद्दों पर विशेष रूप से माध्यमिक इस्पात उद्योग में सुधार पर विचार-विमर्श करेगी।
- समिति की पहली बैठक को 8 अगस्त को आयोजित की जाएगी जिसमें सभी हितधारकों से भी इनपुट आमंत्रित किए जाएंगे जिसकी सहायता से कार्रवाई योग्य बिंदुओं की शीघ्र पहचान की जा सकेगी और उनका समाधान जल्द ही किया जा सकेगा।
- इस्पात मंत्री के साथ साथ, सलाहकार समिति में ऑल इंडिया इंडक्शन फर्नेस एसोसिएशन, स्पंज आयरन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, इंस्टीट्यूट फॉर स्टेनलेस स्टील डेवलपमेंट एसोसिएशन, अलॉय स्टील प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन, स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन, पेलेट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, इंडियन फेरो, एलॉय प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन आदि के प्रतिनिधित्व को भी शामिल किया गया हैं।
- इस्पात मंत्रालय को लक्ष्य, सलाहकार समिति से आने वाले महत्वपूर्ण इनपुट से द्वितीयक इस्पात क्षेत्र के लिए आवश्यक नीति तैयार करना हैं।
- द्वितीयक इस्पात उत्पादक घरेलू इस्पात उद्योग का एक महत्वपूर्ण घटक हैं, परन्तु देश के इस्पात उत्पादन में उनका हिस्सा पिछले कुछ वर्षों में तेजी से गिरा है।
- वर्ष 2015 में द्वितीयक इस्पात उद्योगों का उत्पादन 55% के स्तर से कम होकर देश के कुल इस्पात उत्पादन का केवल 40% रह गया है।

**स्रोत: लाइवमिंट**

## भारतीय भाषा प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए IIT-M द्वारा स्थापित नीलेकणी केंद्र

**चर्चा में क्यों:**



- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास द्वारा सामाजिक प्रभाव पैदा करने के उद्देश्य से भारतीय भाषा प्रौद्योगिकी की स्थिति को बढ़ावा देने के लिए 'एआई4भारत में नीलेकणी केंद्र' का शुभारंभ किया गया।

**प्रमुख बिंदु:**

- नंदन नीलेकणी द्वारा उद्घाटन किए गए इस केंद्र को रोहिणी और नंदन नीलेकणि द्वारा समर्थित किया गया है।
- नीलेकणी केंद्र के लॉन्च समारोह के दौरान, भारतीय भाषा प्रौद्योगिकियों के निर्माण के लिए उपलब्ध संसाधनों पर चर्चा करने के लिए छात्रों, शोधकर्ताओं और स्टार्ट-अप के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- भारतीय भाषाओं के लिए ओपन सोर्स लैंग्वेज एआई के विकास के लिए आईआईटी मद्रास की एक पहल के रूप में एआई 4 भारत का गठन किया गया था।
- एआई 4 भारत टीम द्वारा भारतीय भाषा प्रौद्योगिकी में कई योगदान दिए गए हैं जिनमें मशीनी अनुवाद और बोली पहचानने के लिए अत्याधुनिक मॉडल आदि शामिल हैं।
- एआई 4 भारत के तहत केंद्र द्वाराअनेक अनेक अत्याधुनिक संसाधनों के ओपन सोर्स बनाए गए हैं जिसका किसी भी व्यक्ति द्वारा उपयोग किया जा सकता है।
- एआई 4 भारत द्वारा जारी मॉडल निशुल्क उपलब्ध हैं जिन्हे उनके वेबपेज से डाउनलोड किए जा सकते हैं।
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास की स्थापना वर्ष 1959 में की गयी थी तथा वर्तमान में इसके निदेशक के रूप में कामकोटि वीझीनाथन कार्यरत हैं।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

## MyGov प्लेटफॉर्म के 8 वर्ष

**चर्चा में क्यों:**

- इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा नई दिल्ली में "माईगव के 8 वर्ष" मनाने के लिए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

**प्रमुख बिंदु:**

- आयोजन के दौरान केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा युवा 2022 के लिए जिम्मेदार एआई को भी लॉन्च किया गया।
- युवा 2022 एआई को इंटेल इंडिया के सहयोग से इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीजन द्वारा तैयार किया गया है।
- शिक्षा मंत्रालय ने भी कार्यक्रम को अपना समर्थन दिया।
- युवा 2022 एआई उन सभी स्कूली छात्रों के लिए खोला जाएगा, जो भारत में कक्षा 8-12 में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।
- युवा 2022 एआई का उद्देश्य एआई-टेक की गहरी समझ को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ युवाओं को मानव-केंद्रित डिजाइनर बनने के लिए प्रोत्साहित करना है।
- MyGov भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक नागरिक जुड़ाव मंच है, जिसे भारत सरकार द्वारा 26 जुलाई 2014 को लॉन्च किया गया था।
- MyGov सरकार और नागरिक के बीच दो-तरफा संचार की सुविधा प्रदान करता है साथ ही यह सहभागी शासन का एक प्रमुख मंच भी है।
- MyGov ऍप को तीन स्तंभों के आधार पर विकसित किया गया है, जिसमें शामिल है- 'करो', 'चर्चा' और 'प्रसार'।
- MyGov ऍप पर वर्तमान में 2.5 करोड़ से अधिक नागरिकों को पंजीकृत किया गया है।

**स्रोत: द हिंदू**

### मुंबई में चाबहार दिवस सम्मेलन शुरू

**चर्चा में क्यों:**

- केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल तथा शिपिंग राज्य मंत्री श्रीपद नाइक द्वारा मुंबई में चाबहार दिवस सम्मेलन का शुभारंभ किया गया।




**प्रमुख बिंदु:**

- मुंबई में आयोजित चाबहार दिवस उद्घाटन समारोह में कजाकिस्तान, ईरान, ताजिकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और अफगानिस्तान के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भाग लिया गया।
- मई 2016 में भारत, ईरान और अफगानिस्तान द्वारा एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किये गए, जिसके तहत ईरान में चाबहार बंदरगाह का उपयोग करते हुए समुद्री परिवहन के लिये क्षेत्रीय हब के रूप में पारगमन और परिवहन गलियारा स्थापित करने की परिकल्पना की गयी थी।

- चाबहार बंदरगाह ओमान की खाड़ी में स्थित है जो ईरान के दक्षिणी-पूर्वी समुद्री किनारे पर स्थित है।
- चाबहार बंदरगाह भारत के पश्चिमी समुद्री तट से ईरान के दक्षिणी समुद्र तट को जोड़ता है।
- ईरान द्वारा चाबहार बंदरगाह को व्यापार मुक्त क्षेत्र के रूप में घोषित किया गया है।
- चाबहार बंदरगाह भारत को जोड़ने वाले इंटरनेशनल नॉर्थ साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर नेटवर्क का एक हिस्सा भी है।
- चाबहार बंदरगाह भारत के लिए भी राजनितिक रूप से महत्वपूर्ण है क्योकि चीन वन बेल्ट वन रोड परियोजना के तहत अपने स्वयं के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को तेज़ी से आगे बढ़ा रहा है, तथा चाबहार बंदरगाह पाकिस्तान में चीनी निवेश के साथ विकसित किये जा रहे ग्वादर बंदरगाह के प्रत्युत्तर के रूप में भी काम कर सकता है, इसीलिए इसका विकास भारत के लिए राजनितिक रूप से काफी महत्वपूर्ण है।

**स्रोत: इकोनॉमिक टाइम्स**

**कारगिल युद्ध: गन हिल के नाम से कारगिल सेक्टर के द्रास में प्वाइंट 5140**

**चर्चा में क्यों:**

- भारतीय सशस्त्र बलों की जीत का जश्न मनाने और 'ऑपरेशन विजय' में सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से सरकार द्वारा करगिल के द्रास में 'प्वाइंट 5140' को 'गन हिल' नाम दिया गया है।



**प्रमुख बिंदु:**

- 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना द्वारा लद्दाख में करगिल की बर्फीली चोटियों पर पाकिस्तानी सैनिकों के साथ लगभग तीन महीने की लंबी लड़ाई के पश्चात जीत की घोषणा की गयी थी।
- लद्दाख के करगिल में पाकिस्तान से प्वाइंट 5140 को जितने के लिए जिस मिशन की शुरुआत की गयी थी उसे 'ऑपरेशन विजय' का नाम दिया गया था।
- वर्ष 1999 में भारत और पाकिस्तान द्वारा शांतिपूर्ण रूप से कश्मीर मुद्दे को पारस्परिक रूप से हल करने के लिये लाहौर समझौते पर हस्ताक्षर किये गये परन्तु पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा ऑपरेशन बद्र के तहत नियंत्रण रेखा (LOC) के भारतीय पक्ष की ओर घुसपैठ करना शुरू कर दिया जिसे भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन विजय के माध्यम से खत्म किया गया ।
- आयोजन के दौरान तोपखाना रेजिमेंट की ओर से द्रास के करगिल युद्ध स्मारक पर तोपखाने के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल टी.के. चावला द्वारा पुष्पचक्र चढ़ाया गया।

- प्वाइंट 5140 तोलोलिंग कॉम्प्लेक्स में दुश्मन के कब्जे वाली सबसे ऊंची चौकी थी जिसे कैप्टन विक्रम बत्रा के नेतृत्व में 20 जून को भारतीय सेना द्वारा अपने कब्जे में लिया गया था।

**स्रोत: द हिंदू**

## गूगल इंडिया ने 10 शहरों में स्ट्रीट व्यू लॉन्च किया

**चर्चा में क्यों:**

- गूगल इंडिया द्वारा भारत के 10 शहरों में स्ट्रीट व्यू को लॉन्च किया गया।




**प्रमुख बिंदु:**

- गूगल द्वारा भारत के 10 शहरों में पहले से ही 100 से अधिक देशों में उपलब्ध फीचर स्ट्रीट व्यू को लॉन्च किया गया, जिसकी सहायता से उपयोगकर्ता किसी भी प्रतिष्ठित गंतव्य, रेस्तरां या सड़क का 360-डिग्री दृश्य प्राप्त कर सकते हैं।
- गूगल द्वारा यह सेवा बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, पुणे, नासिक, वडोदरा, अहमदनगर और अमृतसर में प्रदान की गयी है।
- गूगल द्वारा वर्ष 2011 में सड़क-स्तरीय छवियों को कैप्चर करने की योजना की घोषणा की गयी थी, परन्तु सरकार द्वारा सुरक्षा मुद्दों का हवाला देते हुए इसे वर्ष 2016 में प्रतिबंधित कर दिया गया था।
- सरकार द्वारा जारी नवीन भू-स्थानिक नीति के अनुसार, एक स्थानिक सटीकता/मान का भू-स्थानिक डेटा जो क्षैतिज रूप से एक मीटर से नीचे और तीन मीटर लंबवत है, केवल भारतीय नागरिकों द्वारा नियंत्रित संस्थाओं द्वारा एकत्र किया जा सकता है।
- गूगल द्वारा वर्तमान में भारत में स्ट्रीट व्यू के माध्यम से 150,000 किलोमीटर की दूरी तय की गयी है, तथा इसे वर्ष के अंत तक 50 शहरों में इसका विस्तार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं।
- स्ट्रीट व्यू के माध्यम से दिल्ली, हैदराबाद, चंडीगढ़, अहमदाबाद, कोलकाता, गुरुग्राम, बेंगलुरु और आगरा सहित आठ शहरों में सड़कों के बंद होने और घटनाओं की जानकारी गूगल मैप्स पर भी प्रदान की जाएगी, जिसकी सहायता से लोगों को भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से बचने में मदद मिल सकेगी।
- नवीन फीचर के रूप में गूगल मैप्स द्वारा बेंगलुरु और चंडीगढ़ से शुरू होने वाले ट्रैफिक अधिकारियों द्वारा साझा की गई गति सीमा की जानकारी को भी लोगो को प्रदर्शित किया जायेगा।

**स्रोत: इकोनॉमिक टाइम्स**

# State

## हरियाणा सरकार ने शुरू की हरियाणा चीरग योजना

**चर्चा में क्यों:**

- हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा चीरग योजना शुरू की गयी है।



**प्रमुख बिंदु:**

- हरियाणा चीरग योजना के तहत, सरकार निजी स्कूलों में सरकारी स्कूलों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के छात्रों को मुफ्त शिक्षा प्रदान की जाएगी।
- चिराग योजना का अर्थ, "मुख्यमंत्री समान शिक्षा राहत, सहायता और अनुदान" है।
- हरियाणा चीरग योजना को हरियाणा स्कूल शिक्षा नियम, 2003 के नियम 134 ए के अनुसार शुरू किया गया हैं।
- चीराग योजना के तहत सरकारी स्कूल के छात्र दूसरी से 12वीं कक्षा में निजी स्कूल में दाखिला ले सकते हैं परन्तु इसके लिए माता-पिता की वार्षिक सत्यापित आय 1.8 लाख रुपये से कम होनी आवश्यक है।
- गांवों और छोटे शहरों में लगभग 533 बजट निजी स्कूलों द्वारा चीराग योजना के तहत आवेदन किया गया था जिसमें से 381 स्कूल को ही शॉर्टलिस्ट किया गया हैं।
- योग्य स्कूलों ने सरकारी स्कूलों के ईडब्ल्यूएस छात्रों को 24,987 सीटें प्रदान कीं गयी हैं जिसमें से केवल 1665 छात्रों द्वारा इस योजना को चुना गया है।

**स्रोत: लाइवमिंट**

## असम 'मिशन भूमिपुत्र'

**चर्चा में क्यों:**

- असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा 'मिशन भूमिपुत्र' का अनावरण किया गया हैं।



**प्रमुख बिंदु:**

- मिशन के तहत छात्रों को डिजिटल जाति प्रमाण पत्र सरल और डिजिटल तरीके से जारी किए जाएंगे।
- मिशन भूमिपुत्र को जनजातीय कार्य विभाग (सादा) और सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग द्वारा लागू किया जाएगा।
- मिशन भूमिपुत्र जनता को आसान सार्वजनिक सेवा प्रदान करने के सरकार के मिशन को जारी रखा जायेगा जिसके तहत सरकार द्वारा दो स्तंभ बनाए जाएंगे।
- इस मिशन के तहत जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मैनुअल प्रणाली को समाप्त कर दिया जायेगा तथा उपायुक्त द्वारा सभी शैक्षणिक संस्थानों के प्रधानाध्यापकों को जाति प्रमाण पत्र के आवेदनों का नया प्रारूप प्रदान किया जायेगा।
- योजना के तहत प्रधानाध्यापकों को आवेदन प्रारूप भरना होगा तथा उपायुक्तों को जमा करना होगा, जिसे संबंधित जाति या जनजाति के बोर्डों को अग्रेषित किया जायेगा, यदि इस प्रक्रिया में कोई संदेह आता है, तो आगे के सत्यापन के लिए आवेदन भेजा जा सकता है।
- इस योजना के तहत डिजी लॉकर में आईटी एक्ट के तहत जाति प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा जिसे संबंधित उपायुक्तों द्वारा डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित किया जाएगा।
- इस पोर्टल का उपयोग कक्षा 8वीं के छात्र वर्ष 2023 से जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए किया जा सकता हैं।
- इस योजना के तहत निर्मित पोर्टल को भी सीएम के डैशबोर्ड के अनुरूप बनाया गया जो मुख्यमंत्री कार्यालय को पूरी प्रक्रिया की निगरानी करने में सक्षम करता हैं।

**स्रोत: लाइवमिंट**

## यूनेस्को विरासत सूची में बिहार कॉलेज खगोल विज्ञान प्रयोगशाला

**चर्चा में क्यों:**

- यूनेस्को द्वारा बिहार के मुजफ्फरपुर के लंगत सिंह कॉलेज में 106 साल पुरानी वेधशाला को लुप्तप्राय विश्व सांस्कृतिक विरासत की दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण वेधशालाओं की सूची में सूचीबद्ध किया गया है।



**प्रमुख बिंदु:**

- वेधशाला का निर्माण 1916 में 123 साल पुराने विश्वविद्यालय, जिसे वर्तमान में भीमराव अंबेडकर के रूप में जाना जाता है में किया गया था, जो बिहार विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं।
- यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में विभिन्न क्षेत्रों या वस्तुओं को शामिल किया गया है।

- यूनेस्को की विश्व विरासत सूची को यूनेस्को द्वारा वर्ष 1972 में अपनाया गया था तथा विश्व विरासत केंद्र वर्ष 1972 में हुए कन्वेंशन का सचिवालय है।
- यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में तीन प्रकार के स्थल को शामिल किया गया हैं
- सांस्कृतिक विरासत स्थलों में ऐतिहासिक इमारत, शहर स्थल, महत्त्वपूर्ण पुरातात्त्विक स्थल, स्मारकीय मूर्तिकला और पेंटिंग कार्य शामिल किये जाते हैं।
- प्राकृतिक विरासत में उत्कृष्ट पारिस्थितिक और विकासवादी प्रक्रियाएँ, अद्वितीय प्राकृतिक घटनाएँ, दुर्लभ या लुप्तप्राय प्रजातियों के आवास स्थल आदि शामिल किये जाते हैं।
- मिश्रित विरासत स्थलों में प्राकृतिक और सांस्कृतिक दोनों प्रकार के महत्त्वपूर्ण तत्त्व शामिल होते हैं।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

## औरंगाबाद: गूगल के ईआईई से डेटा प्राप्त करने वाला भारत का पहला स्मार्ट शहर

**चर्चा में क्यों:**

- औरंगाबाद गूगल के ईआईई से डेटा प्राप्त करने वाला भारत का पहला स्मार्ट शहर बन गया है।




**प्रमुख बिंदु:**

- औरंगाबाद स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के अनुसार, गूगल का एनवायर्नमेंटल इनसाइट्स एक्सप्लोरर (ईआईई) डेटा औरंगाबाद में आधिकारिक रूप से जारी किया गया है तथा ऐसा करने वाला औरंगाबाद देश का पहला शहर है। औरंगाबाद के लिए गूगल के ईआईई डैशबोर्ड को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान गूगल द्वारा पेश किया गया था।
- गूगल अपनी ईआईई नामक सुविधा की सहायता से शहरों को कार्बन उत्सर्जन स्रोतों को मापने, विश्लेषण करने और उत्सर्जन को कम करने के लिए रणनीतियों की पहचान करने में मदद करती है जो वायु प्रदूषण को कम करने के लिए आवश्यक रणनीति बनाने के लिए महत्वपूर्ण है।
- वर्तमान में ईआईई डेटा का उपयोग औरंगाबाद, बैंगलोर, चेन्नई और पुणे राज्यों द्वारा जलवायु कार्य योजनाओं के लिए किया गया है परन्तु औरंगाबाद शहर को परिवहन उत्सर्जन डेटा सार्वजनिक करने के लिए देश के पहले शहर के रूप में चुना गया है।
- औरंगाबाद के लिए नवीनतम विकास संयुक्त राष्ट्र के 'रेस टू जीरो' और 'रेस टू रेजिलिएशन' अभियानों के लिए शहर की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।
- औरंगाबाद के लिए गूगल के ईआईई पैरामीटर और इसके आधिकारिक अध्ययन को जनता के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

**स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया**

## पश्चिम बंगाल 7 नए जिले बनाएगा, जिससे कुल 30 जिले बनेंगे

**चर्चा में क्यों:**



- ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के प्रयास में राज्य में सात नए जिले बनाने का निर्णय लिया गया है।

**प्रमुख बिंदु:**

- पश्चिम बंगाल सुंदरबन, इछेमती, राणाघाट, बिष्णुपुर, जंगीपुर, बेहरामपुर, और बशीरहाट को नए जिलों के रूप में शामिल किया गया है।
- नवगठित 07 राज्यों के साथ पश्चिम बंगाल में जिलों की संख्या बढ़कर 30 हो गयी हैं।
- नए ज़िले गठित करने या मौजूदा ज़िलों की सीमाओं में परिवर्तन करने या उन्हें समाप्त करने की शक्ति राज्य सरकार में निहित होती है।
- राज्य सरकार द्वारा नवीन जिले का गठन या तो एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से या राज्य विधानसभा द्वारा पारित कानून के माध्यम से किया जा सकता है।
- पश्चिम बंगाल 90.3 मिलियन निवासियों के साथ क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से भारत का चौथा सबसे अधिक आबादी वाला तथा तेरहवां सबसे बड़ा राज्य है।
- पश्चिम बंगाल पूर्व में बांग्लादेश, उत्तर में नेपाल और भूटान के साथ अंतरष्ट्रीय रूप से सीमा साझा करता है, तथा पश्चिम बंगाल भारतीय उपमहाद्वीप के बंगाल क्षेत्र का एक हिस्सा है।
- पश्चिम बंगाल असम, झारखंड, बिहार, सिक्किम और ओडिशा राज्यों के साथ राष्ट्रीय रूप से सीमा साझा करता हैं।
- 2011 की जनगणना के अनुसार देश में कुल 593 जिले थे, जिसमें राज्यों द्वारा वर्ष 2001 से वर्ष 2011 के मध्य 46 जिलों का निर्माण किया गया था।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

## तमिलनाडु पुलिस को वेंकैया नायडू से मिला प्रेसिडेंट्स कलर्स



**चर्चा में क्यों:**

- चेन्नई के राजारथिनम स्टेडियम में एक सामान्य कार्यक्रम में, भारत के उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू द्वारा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को तमिलनाडु पुलिस के लिए प्रसिद्ध "प्रेसिडेंट्स कलर्स" प्रदान किया गया।

**प्रमुख बिंदु:**

- तमिलनाडु पुलिस देश के उन गिने-चुने पुलिस विभागों में से एक है जिन्हें प्रतिष्ठित "प्रेसिडेंट्स कलर्स" से सम्मानित किया गया है।
- तमिलनाडु पुलिस को 19 अगस्त, 2009 को ही तमिलनाडु के दिवंगत नेता एम. करुणानिधि के समय में ही स्वीकीर्ति प्रदान की गयी थी परन्तु तब यह सम्मान तमिलनाडु पुलिस को नहीं दिया गया था।
- सम्मलेन के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा राज्य में कानून प्रवर्तन अधिकारियों के लिए आवास विकल्प प्रदान करने के लिए तमिलनाडु प्रशासन की भी सराहना की गयी।
- सम्मेलन में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, कमांडो, तटीय सुरक्षा समूह और नीलगिरी पुलिस की टुकड़ियों द्वारा उपराष्ट्रपति और मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।
- सम्मलेन के दौरान उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू द्वारा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को 'राष्ट्रपति निशान' भेंट किया गया।
- 'राष्ट्रपति निशान', देश के लिए कम से कम 25 वर्षों की असाधारण सेवा के सम्मान में किसी भी सैन्य/राज्य पुलिस को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। यह सम्मान बहादुरी, साहस, प्रतिबद्धता, व्यावसायिकता, अखंडता और मानवता की सेवा की भावना को दर्शाता है।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

## छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने महिला अधिकार जागरूकता के लिए 'महतारी न्याय रथ' का शुभारंभ किया

**चर्चा में क्यों:**

- राज्य की महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों और कानूनों के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से, छत्तीसगढ़ महिला आयोग एवं मुख्यमंत्री द्वारा महतारी न्याय रथ यात्रा का शुभारंभ किया गया।




**प्रमुख बिंदु:**

- हरेली तीज के अवसर पर महिलाओं के बीच कानूनी ज्ञान बढ़ाने के लक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ की शुरुआत की गयी हैं।
- महतारी न्याय रथ का लक्ष्य महिलाओं की कानूनी सुरक्षा और उनके संवैधानिक अधिकारों के बारे में महिलाओं को शिक्षित करना है।
- महतारी न्याय रथ योजना के तहत प्रत्येक रथ पर दो वकील सवार होकर महिलाओं की शिकायतें सुनेंगे तथा महिलाओं को इससे सम्बंधित जानकारी व सलाह देंगे।

- महतारी न्याय रथ के सहयोग से महिलाएं अपनी शिकायतों के समाधान के लिए महिला आयोग में आवेदन कर सकती हैं।
- महतारी न्याय रथ के तहत राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त निर्देशात्मक लघु फिल्में हिंदी और छत्तीसगढ़ी में बड़े आकार की एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित की जाएंगी।
- महतारी न्याय रथ के लिए, राज्य सरकार द्वारा डीएमएफ नीति में विशिष्ट समायोजन किया गया है तथा डीएमएफ के सहयोग से ही जिला न्याय रथ का संचालन किया जायेगा।
- महतारी न्याय रथ का उद्देश्य प्रत्येक महिला, चाहे वह शिक्षित हो या नहीं, को महिला आयोग के साथ-साथ उन पर लागू होने वाले कानूनों और विनियमों के साथ-साथ उनके कानूनी अधिकारों के बारे जागरूक करना है।

**स्रोत: नवभारत टाइम्स**

## केरल सरकार "केरल सावरी" ऑनलाइन कैब सेवा शुरू करेगी

**चर्चा में क्यों:**

- केरल सरकार द्वारा अपनी खुद की ई-टैक्सी केरल सावरी सेवा शुरू करने की घोषणा की गयी।




**प्रमुख बिंदु:**

- केरल सावरी को केरल सरकार द्वारा लोकप्रिय कॉर्पोरेट ऑनलाइन कैब सेवा के विकल्प के साथ आने के लिए तैयार किया गया है।
- किसी भी राज्य द्वारा स्वयं की ई-टैक्सी सेवा देश में किसी भी राज्य सरकार द्वारा इस तरह की पहली पहल है।
- "केरल सावरी", जिसे देश में किसी भी राज्य सरकार द्वारा पहली ऐसी पहल के रूप में जाना जाता है, राज्य के श्रम विभाग द्वारा राज्य में मौजूदा ऑटो-टैक्सी नेटवर्क से सुरक्षित और विवाद मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गयी है।
- केरल सावरी राज्य के निवासियों के लिए राज्य में सबसे सस्ती दरों पर निवासियों को उपलब्ध कराई जाएगी।
- केरल सावरी सेवा का शुभारंभ केरल के कनक्कुन्नू पैलेस में एक समारोह के दौरान किया जायेगा,
- केरल सावरी को चिंगम के शुभ मलयालम महीने की शुरुआत को चिह्नित करने वाले दिन 17 अगस्त को सरकार द्वारा प्रारम्भ किया जायेगा है।

**स्रोत: बिजनेस स्टैंडर्ड**

# Important News: Economy

## सेबी ने 20 सदस्यों के लिए सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया

**चर्चा में क्यों:**



- भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बाजार आंकड़ों पर अपनी सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया गया है।

**प्रमुख बिंदु:**

- यह समिति प्रतिभूति बाजार डेटा पहुंच और गोपनीयता से संबंधित नीतिगत उपायों की सिफारिश प्रदान करेगी।
- सलाहकार समिति में सदस्यो की संख्या को घटाकर 20 कर दिया गया है आरम्भ में समिति में 21 सदस्यों को शामिल किया गया था।
- नवीन सलाहकार समिति नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के पूर्व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का स्थान आशीषकुमार चौहान द्वारा लिया गया है।
- नवीन सलाहकार समिति में बीएसई को शामिल नहीं किया गया हैं।
- समिति की अध्यक्षता दिल्ली के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और भारतीय दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) के पूर्व चेयरपर्सन एस साहू द्वारा की जाएगी।
- नवीन सलाहकार समिति में डिपॉजिटरी के सीईओ, विभिन्न अंशधारकों के प्रतिनिधि और सेबी के वरिष्ठ अधिकारियो को सदस्य के रूप में शामिल को किया गया हैं।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने यूनियन प्रेरणा 2.0 लॉन्च किया - एम्पावरहिम

**चर्चा में क्यों:**




- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अपनी प्रमुख एचआर पहल 'प्रेरणा' के तहत एक उद्योग-प्रथम, समर्पित, महिला-केंद्रित समिति 'एम्पॉवरहर' का शुभारंभ किया गया।

**प्रमुख बिंदु:**

- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जारी इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के करियर ग्राफ कोऊंचाई देना तथा मौजूदा पूर्वाग्रहों व चुनौतियों को समाप्त करते हुए बैंक की विविधता को बढ़ाना है।
- यूनियन प्रेरणा UBI की एच0आर0 रूपांतरण पहल है, जिसका उद्देश्य काम-काज का डिजिटलीकरण, कर्मचारी केंद्रित हस्तक्षेप और बैंकिंग क्षेत्र के अंदर ही सीखने की क्रांति करके उत्पादकता में सुधार करना है।
- MD एवं CEO ए मणिमेखलाई द्वारा लॉन्च की गई इस पहल में बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन और देश भर की करीब 40 महिला समिति सदस्यों द्वारा भाग लिया गया।
- इंडस्ट्री की सर्वप्रथम पहल के तौर पर "एम्पॉवरहर" यूनियन बैंक की केवल महिला कर्मचारियों से गठित की गई समिति है।
- एम्पॉवरहर पहल का उद्देश्य विविधता से जुड़े मुद्दों का जमीनी स्तर पर समाधान करना हैं।
- एम्पॉवरहर समिति की सदस्य अपने अखिल भारतीय प्रतिनिधित्व के बल पर प्रभावी ढांचागत बदलाव लाने के लिए प्रबंधन के साथ सीधे तौर पर जुड़ेंगी, जिससे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को महिलाओं का सबसे पसंदीदा नियोक्ता ब्रांड बनने का यश भी प्राप्त होगा।

**स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया**

**1 अक्टूबर आरबीआई द्वारा कार्ड टोकनकरण की समय सीमा निर्धारित की गई है**

**चर्चा में क्यों:**

- आरबीआई द्वारा कार्ड टोकनाइज सर्विस डेडलाइन को 1 जुलाई 2022 से बढ़ाकर 1 अक्टूबर 2022 कर दिया गया है।




**प्रमुख बिंदु:**

- आरबीआई (RBI) द्वारा मर्चेंट वेबसाइट पर ऑनलाइन पेमेंट करने के लिए क्रेडिट और डेबिट कार्ड को 1 अक्टूबर 2022 तक टोकनाइज्ड करने का आदेश जारी किया गया है।
- आरबीआई द्वारा ग्राहकों की सुविधा और सिक्योरिटी को और अधिक प्रभावशाली बनने के लिए कार्ड टोकनाइज्ड सिस्टम शुरू किया गया है।
- टोकनाइजेशन से आशय क्रेडिट और डेबिट कार्ड के विवरण को टोकन नामक वैकल्पिक कोड से बदलना है जिसके तहत, ऑनलाइन व्यापारियों को अपने ग्राहकों के कार्ड को अपने प्लेटफॉर्म पर स्टोर करने के लिए कार्ड डेटा के स्थान पर टोकन नंबरों का उपयोग करना होगा।

- आरबीआई द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, एक टोकन केवल एक कार्ड और एक व्यापारी के लिए ही मान्य होगा यदि क्रेडिट कार्ड को एक ई-कॉमर्स साइट के लिए टोकनाइज्ड किया गया है तो उस कार्ड का दूसरी साइट पर एक अलग टोकन उपलब्ध किया जायेगा।
- आरबीआई द्वारा ऑनलाइन पेमेंट के लिए व्यापारियों को खास तरह के कोड को स्टोर करने का निर्देश दिया गया है, जो कि आपके वास्तविक कार्ड नंबर नहीं होंगे।
- आरबीआई द्वारा संचालित कार्ड टोकनाइजेशन का उद्देश्य कार्ड की जानकारी साझा करने से होने वाली धोखाधड़ी को रोकना है।

**स्रोत: इकोनॉमिक टाइम्स**

## Parle वर्तमान में भारत में अग्रणी FMCG कंपनी है

**चर्चा में क्यों:**

- कांतार इंडिया के वार्षिक ब्रांड फुटप्रिंट अध्ययन के अनुसार, स्थानीय रूप से उत्पादित बिस्किट ब्रांड पारले वर्ष 2021 में भी लगातार ग्यारहवें वर्ष रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर रहा हैं।




**प्रमुख बिंदु:**

- उपभोक्ता पहुंच बिंदुओं (सीआरपी) के आधार पर, रिपोर्ट में उन एफएमसीजी ब्रांडों के आकलन को शामिल किया गया है जिन्हें उपभोक्ताओं द्वारा वर्ष 2021 में सर्वाधिक पसंद किया गया हैं।
- सीआरपी का मूल्यांकन ग्राहकों द्वारा की गई वास्तविक खरीदारी और एक निश्चित वर्ष के दौरान होने वाली नियमितता के आधार (उपभोक्ता इसके बारे में कैसा महसूस करते हैं और इस आधार पर वे इसे कितनी बार खरीदते हैं) पर किया जाता है।
- इस वर्ष जारी रैंकिंग में पारले के पश्चात, सूची में अन्य शीर्ष ब्रांड अमूल, ब्रिटानिया, क्लिनिक प्लस और टाटा के उत्पादो को शामिल किया गया हैं।
- कांतार इंडिया द्वारा जारी रैंकिंग में इस वर्ष पारले द्वारा सीआरपी में पिछले वर्ष के रैंक से 14% की वृद्धि की गयी।
- इस वर्ष हल्दीराम को भी शीर्ष 25 रैंकिंग में शामिल किया गया इस वर्ष हल्दीराम को 24वें स्थान पर रखा गया हैं।
- सीआरपी द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष ब्रांडों की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में सुधार हुआ है।
- लंदन, इंग्लैंड में स्थित, कांतार इंडिया एक डेटा एनालिटिक्स और ब्रांड कंसल्टेंसी फर्म है जिसे वर्ष 1992 में स्थापित किया गया था।

स्रोत: लाइवमिंट

### बंधन बैंक ने पटना में खोला पहला करेंसी चेस्ट

**चर्चा में क्यों:**




- बंधन बैंक द्वारा पटना के दीदारगंज में एक करेंसी चेस्ट का उद्घघाटन किया गया है।

**प्रमुख बिंदु:**

- पटना के दीदारगंज में शुरू किया गया करेंसी चेस्ट बंधन बैंक का अभी तक का प्रथम करेंसी चेस्ट है जो शहर में शाखाओं और एटीएम के लिए नकदी प्रबंधन में सहायक होगा।
- क के अनुसार, यह करेंसी चेस्ट व्यक्तियों, एमएसएमई और छोटे व्यवसाय के मालिकों को आवश्यकतानुसार बैंक शाखाओं और एटीएम में करेंसी नोटों की आपूर्ति करके सहायता करेगा।
- बंधन बैंक द्वारा इस वित्तीय वर्ष में देश में 530 से अधिक नई बैंक शाखाएं खोलने की भी घोषणा की गयी है जिन्हे मुख्य रूप से उत्तर और पश्चिम और दक्षिण भारत में वितरित किया जायेगा।
- करेंसी चेस्ट का उद्देश्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सभी ग्राहकों को लाभ पहुंचना हैं साथ ही यह बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली बैंकिंग सेवाओं में ग्राहकों की सुविधा को बढ़ाने के लिए एक उपयोगी कदम है।
- करेंसी चेस्ट उन चुनिंदा बैंकों की शाखाएं हैं जिन्हें आरबीआई द्वारा रुपये के नोट और सिक्कों को स्टॉक करने के लिए अधिकृत किया गया है।
- विभिन्न शहरों में आरबीआई के कार्यालय नोट प्रेस से और टकसालों से सिक्के प्राप्त करते हैं, इन्हें करेंसी चेस्ट और छोटे सिक्का डिपो में भेजा जाता है, जहां से इन्हें बैंक शाखाओं में वितरित किया जाता है।
- आरबीआई द्वारा भारत में अभी तक 4,075 से अधिक करेंसी चेस्ट स्थापित किए गए हैं।

**स्रोत: बिजनेस स्टैंडर्ड**

## Personality

### भारतीय महिला सावित्री जिंदल एशिया की सबसे अमीर महिला

**चर्चा में क्यों:**

- भारत की सावित्री जिंदल वर्तमान में एशिया की सबसे अमीर महिला बन गई है।



**प्रमुख बिंदु:**

- सावित्री जिंदल चीन की यांग हुआयन को पीछे छोड़कर वर्तमान में एशिया की सबसे अमीर महिला बन गयी हैं।
- सावित्री जिंदल 18 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ भारत तथा एशिया की सबसे अमीर महिला हैं।
- फोर्ब्स द्वारा जारी वर्ष 2021 सूचि में सावित्री जिंदल 10 सबसे अमीर भारतीयों की लिस्ट में अकेली महिला हैं।
- वर्ष 2015 में सावित्री जिंदल को 55 वर्ष की आयु में अपने पति ओम प्रकाश जिंदल के ओपी जिंदल ग्रुप की एमेरिटस चेयरपर्सन के रूप में नामित किया गया था।
- ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 5 वर्षों से यांग हुईयान एशिया की सबसे अमीर महिला थी।
- ओपी जिंदल ग्रुप की स्थापना वर्ष 1952 में ओम प्रकाश जिंदल द्वारा की गयी थी जिन्होंने पिछले तीन दशकों में भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में सक्रिय भारत के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन के रूप कार्य किया है।
- फोर्ब्स द्वारा चार मानकों बिक्री, लाभ, परिसंपत्ति और बाजार मूल्य के आधार पर रैंकिंग प्रदान की जाती हैं।

**स्रोत: लाइवमिंट**

# Science & Technology

## पृथ्वी का सबसे छोटा दिन: 24 घंटे से भी कम समय में पूर्ण घूर्णन

**चर्चा में क्यों:**

- पृथ्वी द्वारा 1.59 मिलीसेकंड में एक पूर्ण चक्कर पूरा करने और 24 घंटे से भी कम समय में एक पूर्ण चक्कर पूरा करने का एक नया रिकॉर्ड बनाया गया है।



**प्रमुख बिंदु:**

- पृथ्वी द्वारा अपना घूर्णन पूर्ण करने में 1.47 मिलीसेकंड का समय लिया गया जो मानक समय 24 घंटे से कम है।
- पृथ्वी के घूमने की बढ़ी हुई गति का कारण अभी भी वैज्ञानिको के लिए अज्ञात है, हालांकि वैज्ञानिक महासागरों, ज्वार और जलवायु परिवर्तन की आंतरिक या बाहरी परत में प्रक्रियाओं को इसका कारण मान रहे हैं।
- कुछ वैज्ञानिको के अनुसार, पृथ्वी के घूमने की बढ़ी हुई गति का कारण पृथ्वी के भौगोलिक ध्रुवों की सतह पर गति से संबंधित हो सकता है, जिसे "चांडलर वॉबल" के रूप में जाना जाता है।
- पृथ्वी का इस प्रकार से अधिक गति से घूमना नेगेटिव लीप समय को दर्ज कर सकता है।
- नेगेटिव लीप सेकेंड में स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य संचार उपकरणों या सिस्टम जैसे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के लिए भ्रामक परिणाम हो सकते हैं।
- पृथ्वी वर्ष का सबसे छोटा दिन 29 जुलाई को दर्ज करती है।
- इससे पूर्व पृथ्वी द्वारा 19 जुलाई 2020 को सबसे तेज़ गति से घूर्णन पूर्ण किया था, जिसमें पृथ्वी द्वारा 1.47 मिलीसेकंड का समय लिया गया था।

**स्रोत: दैनिक भास्कर**

### भारत का पहला शिक्षण रोबोट - ईगल रोबोट

**चर्चा में क्यों:**

- अपने स्कूलों में एक सहयोगी सीखने की रणनीति के हिस्से के रूप में, इंडस इंटरनेशनल स्कूल द्वारा भारत में अभिनव और प्रथम टीचिंग रोबोट, ईगल रोबोट लॉन्च किया गया है।



**प्रमुख बिंदु:**

- वर्तमान में कर्नाटक के सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए इंडस इंटरनेशनल स्कूल द्वारा हैदराबाद, बैंगलोर और पुणे में 7-7 ईगल रोबोट को स्थापित किया गया हैं।
- ईगल रोबोट एक इंटरैक्टिव रोबोट है, जो अनुभव को वैयक्तिकृत करता है साथ ही डिजिटल चेहरे के माध्यम से भावनाओं का अनुकरण करता है।
- ईगल रोबोट कक्षा 5 से 11 तक के बच्चों को अकेले और कक्षा में एक मानव शिक्षक के साथ निर्देश के माध्यम से कार्य करने में सक्षम है।
- ईगल रोबोट में ज्ञान को प्रसारित करने के उद्देश्य से 30 से अधिक विभिन्न भाषाओं का उपयोग किया जा सकता है।

- ईगल रोबोट को इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि रोबोट विश्लेषण के उपयोग के साथ - साथ प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं, समस्या को दूर कर सकते हैं, तथा उनके माध्यम से पाठ के समापन पर एक स्वचालित परीक्षा का प्रबंधन भी किया जा सकता हैं।
- ईगल रोबोट के माध्यम से सभी वैज्ञानिक और मानविकी पाठ्यक्रम को पढ़ाया जा सकता है तथा बच्चे मोबाइल, टैबलेट या लैपटॉप उपकरणों के माध्यम से रोबोट के मूल्यांकन और सामग्री के साथ रोबोट से संवाद भी कर सकते हैं।
- रोबोट और सहयोगी शिक्षण प्रतिमान के को प्रमुख 3 उद्देश्यों के साथ स्थापित किया गया है, जिसमे शामिल हैं-
  - ईगल रोबोट के माध्यम से प्रत्येक छात्र की उपलब्धि को बढ़ाया जा सकता हैं,
  - ईगल रोबोट निर्देश की प्रभावशीलता को भी बढ़ाने में सहायक होंगे,
  - ईगल रोबोट के प्रयोग से शिक्षको द्वारा किये जा रहे प्रयास को भी कम किया जा सकता हैं।


**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

# Defence

## तीसरा भारत-वियतनाम द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास "पूर्व VINBAX 2022" हरियाणा में शुरू हुआ

**चर्चा में क्यों:**

- वियतनाम-भारत द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास Ex VINBAX - 2022 के तीसरा संस्करण को हरियाणा के चंडीमंदिर में शुरू किया गया।



**प्रमुख बिंदु:**

- Ex VINBAX - 2022 अभ्यास भारत के साथ वर्ष 2019 में वियतनाम में हुए पहले द्विपक्षीय सैनिक अभ्यास की यह अगली कड़ी है।
- द्विपक्षीय अभ्यास के पिछले संस्करणों से बढ़े हुए दायरे के साथ एक फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास के रूप में Ex VINBAX - 2022 का संचालन आपसी विश्वास, और अंतर-संचालन को मजबूत करने में सहायक होगा तथा साथ ही यह अभ्यास भारतीय सेना और वियतनाम पीपुल्स आर्मी के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सहायता प्रदान करेगा।
- Ex VINBAX - 2022 संयुक्त अभ्यास के माध्यम से दोनों दलों के सैनिकों को एक दूसरे की सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत के बारे में जानने का अवसर भी इस अभ्यास से प्रदान होगा।

- Ex VINBAX - 2022 अभ्यास में भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व 105 इंजीनियर रेजीमेंट के सैनिको द्वारा किया जा रहा हैं।
- Ex VINBAX - 2022 अभ्यास के दौरान मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रदर्शन और उपकरण प्रदर्शन स्वदेशी समाधानों का उपयोग करते हुए प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के दौरान बचाव और राहत कार्यों को शुरू करने की भारत की क्षमता को भी प्रदर्शित किया जायेगा।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

## Sports

### चौथे ओएनजीसी पैरा गेम्स 2022 का उद्घाटन श्री हरदीप सिंह पुरी ने किया

**चर्चा में क्यों:**

- केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास और शहरी मामलों के मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा नई दिल्ली में त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चौथे ओएनजीसी पैरा खेलों का उद्घाटन किया गया।



**प्रमुख बिंदु:**

- ओएनजीसी पैरा गेम्स कॉर्पोरेट जीवन के सभी क्षेत्रों में विकलांगों को समान अवसर प्रदान करने के लिए एक विशेष मानव संसाधन पहल है।
- ओएनजीसी द्वारा विशेष रूप से विकलांग व्यक्तियों को उनके रोल में मुख्यधारा में लाने के लिए 2017 में इस पैरा खेलों की अवधारणा की और शुरुआत की गयी थी।
- ओएनजीसी द्वारा गांधीनगर में ओएनजीसी पैरा खेलों के तीसरे संस्करण का हिस्सा बनने के लिए आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल, ईआईएल, ओआईएल और गेल के एथलीटों को शामिल किया गया हैं।
- इस वर्तमान चौथे संस्करण में, 192 ओएनजीसी के साथ - साथ, सात अन्य सार्वजनिक उद्यमो द्वारा भाग लिया जायेगा जिसमें आईओसीएल (21), गेल (15), बीपीसीएल (13), एमआरपीएल (11), ईआईएल (9), ओआईएल (8) और एचपीसीएल (6) के सदस्य शामिल है।
- इस वर्ष ओएनजीसी पैरा खेलों में 275 विकलांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) - आठ केंद्रीय तेल और गैस सार्वजनिक उद्यमों के कर्मचारी - 2-4 अगस्त 2022 के दौरान तेल और प्राकृतिक गैस निगम

लिमिटेड (ओएनजीसी) द्वारा आयोजित किए जा रहे चौथे ओएनजीसी पैरा खेलों में भाग लिया गया हैं।

- ओएनजीसी द्वारा भारत की पैरालंपिक समिति की सहायता से वर्ष 2017 में अपने पहले संस्करण से एक अंतरराष्ट्रीय प्रारूप पर पैरा खेलों का आयोजन किया गया था।

**स्रोत: नवभारत टाइम्स**

## पेरिस ओलंपिक 2024 के आधिकारिक नारे के रूप में 'गेम्स वाइड ओपन' का अनावरण किया गया

**चर्चा में क्यों:**

- वर्ष 2024 के पेरिस ओलंपिक के आयोजकों द्वारा अपने आधिकारिक नारे के रूप में "गेम्स वाइड ओपन" का अनावरण किया गया।



**प्रमुख बिंदु:**

- वर्ष 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक का आयोजन 26 जुलाई से 11 अगस्त, 2024 तक किया जायेगा।
- पेरिस ओलंपिक के आयोजकों द्वारा अपने आधिकारिक नारे को एक वीडियो के साथ जारी किया गया जिसमें ओलंपिक और पैरालिंपिक का वादा "तेज", "उच्च" और "मजबूत" होगा – साथ ही साथ "अधिक समावेशी, अधिक भाई, अधिक सुंदर" शामिल है।
- वर्ष 2024 के पेरिस ओलंपिक में एथलीट 32 खेलों में कुल 329 स्पर्धाओं में भाग लेंगे।
- पेरिस द्वारा 2024 में तीसरी बार ग्रीष्मकालीन ओलंपिक की मेजबानी की जाएगी, जो वर्ष 1924 में पेरिस खेलों की शताब्दी वर्ष भी है।
- फ्रांसीसी राजधानी पेरिस वर्ष 1900 में आधुनिक ओलंपिक खेलों के दूसरे संस्करण का मेजबान शहर भी था।
- अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की स्थापना 23 जून 1894, को की गयी थी जिसका मुख्यालय लॉज़ेन, स्विटज़रलैंड में स्थित है।
- अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाख हैं।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

## Important Days

### व्यक्तियों की तस्करी के खिलाफ विश्व दिवस 2022

**चर्चा में क्यों:**



- तस्करी के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 30 जुलाई को व्यक्तियों की तस्करी के खिलाफ विश्व दिवस मनाया जाता है।

**प्रमुख बिंदु:**

- व्यक्तियों की तस्करी के खिलाफ विश्व दिवस का उद्देश्य लोगों को शिक्षित करना है कि लोगों की तस्करी को एक अपराध माना जाता है, जिसमें महिलाओं और बच्चों का जबरन श्रम और सेक्स के दुखद जैसे कार्यों के लिए शोषण शामिल है।
- व्यक्तियों की तस्करी के खिलाफ विश्व दिवस 2022 का इस वर्ष का विषय "प्रौद्योगिकी का उपयोग और दुरुपयोग" है।
- मानव तस्करी, जिसे व्यक्तियों की तस्करी भी कहा जाता है, आधुनिक समय की दासता का रूप है जिसमें श्रम, यौन शोषण, या गतिविधियों के उद्देश्य से व्यक्तियों का अवैध शोषण शामिल है, जिसमें दूसरों को आर्थिक रूप से लाभ होता है।
- मानव तस्करी एक ऐसा अपराध है जिसमें महिलाओं, बच्चों और पुरुषों का कई उद्देश्यों के लिए शोषण किया जाता है जैसे जबरन श्रम और सेक्स।
- वर्ष 2010 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा व्यक्तियों की तस्करी से निपटने के लिए वैश्विक कार्य योजना को अपनाया गया था तथा संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा विश्व की सरकारों से इस संकट को हराने के लिए समन्वित और लगातार प्रयास करने का आग्रह किया था।
- वर्ष 2013 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वैश्विक कार्य योजना पर काम करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सदस्य राज्यों द्वारा एक संकल्प ए/आरईएस/68/192 अपनाया गया और 30 जुलाई को व्यक्तियों की तस्करी के खिलाफ विश्व दिवस के रूप में नामित किया गया।
- भारत में मानव तस्करी से सम्बंधित प्रावधान
    - अनुच्छेद 23 मानव तस्करी और बेगार से सम्बंधित हैं

- अनुच्छेद 24, 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कारखानों और खदानों जैसे खतरनाक कामों में लगाने से मना करता है।
- IPC की धारा 370 और 370A मानव तस्करी के खतरे का मुकाबला करने के लिए व्यापक उपाय प्रदान करती है, जिसमें शारीरिक शोषण या किसी भी रूप में यौन शोषण, दासता, दासता, या अंगों को जबरन हटाने सहित किसी भी रूप में शोषण के लिए बच्चों की तस्करी को शामिल किया गया है।
- IPC की धारा 372 और 373 वेश्यावृत्ति के उद्देश्य से लड़कियों को बेचने और खरीदने से संबंधित है।


**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

# Awards

## कनाडाई जेफरी आर्मस्ट्रांग को '2021 के लिए विशिष्ट इंडोलॉजिस्ट' पुरस्कार मिला

**चर्चा में क्यों:**

- कनाडाई विद्वान जेफरी आर्मस्ट्रांग को वर्ष 2021 के लिए भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) के प्रतिष्ठित इंडोलॉजिस्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।



**प्रमुख बिंदु:**

- जेफरी आर्मस्ट्रांग को "भारत के दर्शन, विचार, इतिहास, कला, संस्कृति, भारतीय भाषाओं, साहित्य, सभ्यता, समाज, आदि के अध्ययन / शिक्षण / अनुसंधान में उनके उत्कृष्ट योगदान की मान्यता में" इंडोलॉजिस्ट पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- इस वर्ष इंडोलॉजिस्ट पुरस्कार के लिए वैदिक एकेडमी ऑफ साइंस एंड आर्ट्स के संस्थापक आर्मस्ट्रांग और द भगवद गीता कम्स अलाइव के लेखक को नामित किया गया था।
- इंडोलॉजिस्ट पुरस्कार को वर्ष 2015 में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति द्वारा आयोजित प्रथम विश्व इंडोलॉजी सम्मेलन के दौरान स्थापित किया गया था।
- इंडोलॉजिस्ट पुरस्कार का उद्देश्य विदेशों में भारतीय अध्ययन को बढ़ावा देना है तथा विश्व के प्रमुख भारतविदों को भारतीय विद्वानों के साथ एक मंच पर लाना हैं।
- जर्मनी के प्रोफेसर हेनरिक फ्रीहरर वॉन स्टिटेनक्रॉन इंडोलॉजिस्ट पुरस्कार पाने वाले प्रथम व्यक्ति थे।

- इंडोलॉजिस्ट पुरस्कार के तहत एक प्रशस्ति पत्र, एक स्वर्ण पदक और 20,000 अमेरिकी डॉलर राशि प्रदान की जाती हैं।

**स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स**

# Health

## 2030 तक बच्चों में एड्स को समाप्त करने के लिए नया वैश्विक गठबंधन शुरू किया गया

**चर्चा में क्यों:**

- 24वें अंतर्राष्ट्रीय एड्स सम्मेलन में 2030 तक बच्चों में एड्स को समाप्त करने के लिए एक नए वैश्विक गठबंधन की घोषणा की गई है।



**प्रमुख बिंदु:**

- इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है की एचआईवी से पीड़ित कोई भी बच्चा दशक के अंत तक इलाज से वंचित न रहे साथ ही शिशुओं में एचआईवी संक्रमण को रोका जा सके।
- यह गठबंधन एचआईवी/एड्स (यूएनएड्स), यूनिसेफ, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), नागरिक समाज समूहों, सरकारों और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ संयुक्त संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम के तहत बनाया गया है।
- विश्व स्तर पर एचआईवी से पीड़ित केवल 52 प्रतिशत बच्चे ही जीवन रक्षक उपचार पर हैं जो कि वर्ग 76 प्रतिशत एंटीरेट्रोवाइरल प्राप्त करने वाले वयस्कों से बहुत पीछे है।
- यूनिसेफ के अनुसार, वर्तमान में लगभग 28 लाख बच्चे और किशोर एचआईवी के साथ जी रहे हैं और उनमें से लगभग 88 प्रतिशत उप-सहारा अफ्रीका में हैं।
- ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस एक प्रकार का रेट्रोवायरस है, जिसका सही ढंग से इलाज न किये जाने पर यह एक्वायर्ड इम्यूनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम या AIDS का रूप धारण कर सकता है, AIDS को HIV संक्रमण का सबसे गंभीर चरण माना जाता है।
- सामान्यतः HIV-AIDS का प्रसार रक्त, वीर्य, योनि स्राव और माँ के दूध आदि के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे में होता है।

**स्रोत: द हिंदू**

## केंद्र सरकार ने देश में मंकीपॉक्स की स्थिति की निगरानी के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया

**चर्चा में क्यों:**




- केंद्र सरकार द्वारा देश में मंकीपॉक्स की स्थिति पर नजर रखने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है।

**प्रमुख बिंदु:**

- सरकार द्वारा गठित टास्क फोर्स भारत में मंकीपॉक्स के लिए नैदानिक सुविधाओं के विस्तार और टीकाकरण की खोज पर सरकार को मार्गदर्शन प्रदान करेगी।
- टास्क फोर्स का नेतृत्व नीति आयोग के सदस्य डॉ वीके पॉल द्वारा किया जायेगा तथा इसके अन्य सदस्यों में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव तथा फार्मा और बायोटेक विभाग के सदस्यों को शामिल किया गया हैं।
- भारत में वर्तमान में मंकीपॉक्स के चार मामले सामने आए हैं, जिनमें से तीन मामले केरल में और एक दिल्ली में सामने आया है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 78 देशों में मंकीपॉक्स के 18,000 से अधिक मामले सामने आए हैं।
- मंकीपॉक्स एक वायरल जूनोटिक रोग है जिसे बंदरों में चेचक जैसी बीमारी के रूप में पहचाना जाता है।
- मंकीपॉक्स नाइजीरिया के लिए स्थानिक बीमारी के रूप में चिन्हित किया गया है।
- मंकीपॉक्स वायरस पॉक्सविरिडे परिवार में ऑर्थोपॉक्सवायरस जीनस का एक सदस्य है।
- मंकीपॉक्स पहली बार वर्ष 1958 में, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में बंदरों में, तथा वर्ष 1970 में मनुष्यों में रिपोर्ट किया गया था।
- वर्ष 2017 में, नाइजीरिया द्वारा अंतिम पुष्ट मामले के 40 साल बाद सबसे बड़े प्रलेखित प्रकोप का अनुभव किया गया था।

**स्रोत: द हिंदू**

**Back to Top↑**

BYJU'S EXAM PREP